जनपद कर्मचारी ने खुद वेंडर बन... पृष्ठ 2 | नाबालिग से छेड़छाड़ और भाई से... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 22 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 271, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ का इस्तीफा

### डॉ. रमन सिंह का नाम दावेदारों में सबसे आगे!

**नई दिल्ली/रायपुर( नांदगांव टाइम्स )।** देश की राजनीति में आज एक बड़ा मोड़ आया, जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से अचानक इस्तीफ़ा दे दिया। उनके इस्तीफ़े के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। इस घटनाक्रम के बाद से ही नए उपराष्ट्रपति को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं।

इन चर्चाओं के केंद्र में हैं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह। सूत्रों के मुताबिक़, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) डॉ. सिंह को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना सकती है। पार्टी के अंदरखाने से यह संकेत मिल रहे हैं कि संगठन उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में अधिक





सक्रिय भूमिका देना चाहता है।

**रमन सिंह क्यों हैं उपयुक्त चेहरा?**

डॉ. रमन सिंह तीन बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उन्हें एक अनुभवी, सुलझे हुए और संयमित नेता के रूप में जाना जाता है।

हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, बल्कि उन्हें विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने उन्हें एक बड़े राष्ट्रीय रोल के लिए तैयार रखा था, और अब उपराष्ट्रपति पद उनके अनुभव और कद के अनुसार सही भूमिका हो सकती है।

**संभावनाओं पर क्या कहते हैं जानकार?**

राजनीतिक विशेषज्ञ प्रो. अनिरुद्ध तिवारी के अनुसार, रमन सिंह पार्टी के वरिष्ठ और संतुलित नेताओं में गिने जाते हैं। जिस प्रकार भाजपा अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को महत्व देती है, ऐसे में उनके नाम पर शीर्ष नेतृत्व की सहमति बन सकती है।

**आगे की प्रक्रिया**

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद शुरू होगी। इसके लिए चुनाव आयोग एक समय सीमा तय करेगा। एनडीए के पास पर्याप्त संख्या बल होने के कारण, उनके उम्मीदवार का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है — और अगर भाजपा ने डॉ. रमन सिंह पर भरोसा जताया, तो छत्तीसगढ़ से उपराष्ट्रपति बनने का यह पहला ऐतिहासिक मौका होगा।

## तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों की जानकारी जरूरी : अरुण साव

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में 21 जुलाई और 22 जुलाई को दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में पीएचई के अभियंताओं को जल प्रदाय योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रदेशभर के 120 से अधिक अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं जिनमें मुख्य अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियंताओं से कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप



में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्य सीधे जन कल्याण से जुड़ा हुआ है। चाहे वह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो, जल शोधन की प्रक्रिया हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाना हो। इन कार्यों की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम मानकों का कितना पालन करते हैं और तकनीकी ज्ञान को कितनी सफलता से धरातल पर उतारते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अभियंताओं के लिए यह कार्यक्रम उनके कार्यस्थल पर प्रभावी कार्य संपादन में सहायक होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने कहा कि देश-दुनिया में प्रचलित मानकों और मापदंडों से विभाग के अभियंताओं को अवगत कराने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने विभागीय अभियंताओं से अपील की कि वे यहां सीखी गई बातों को फील्ड में कार्यों के मापन और मूल्यांकन में जरूर अपनाएं। जल जीवन मिशन के संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता श्री टी.डी. सांडिल्य और भारतीय मानक ब्यूरों के क्षेत्रीय निदेशक श्री एस.के. गुप्ता ने भी प्रतिभागी अभियंताओं को संबोधित किया।

## नगर सुरक्षा की महती योजना त्रिनेत्र हेतु आई एम ए ने दिए 21 लाख

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.दीक्षित सहित दर्जन भर चिकित्सकों ने डॉ. रमन को सौंपा चेक...



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरकार तथा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नगर की सुरक्षा हेतु बनाई गई महती त्रिनेत्र योजना में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भी अपनी भूमिका का निर्वहन किया है । आज चिकित्सकों का एक दल विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह से भेंट कर उक्त योजना हेतु 21 लाख रुपए का चेक प्रदान किया । उक्त अवसर पर जिलाधीश सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी उपस्थित थे । राजनांदगांव नगर को तीसरी आंख से सुसज्जित करने लाई गई त्रिनेत्र योजना में सामाजिक संस्थाएं पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं । आज इसी कड़ी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी अपनी जवाबदारी समझते हुए सहयोग प्रदान करने का मन बनाया । राजनांदगांव के विधायक एवं राज्य विधानसभा अध्यक्ष डॉ .रमन सिंह से आज आई एम ए के अध्यक्ष डॉ. रंगारी एवं सचिव डॉ. अनिमेष गांधी के नेतृत्व में दर्जन भर चिकित्सकों ने मुलाकात कर अपनी मंशा से अवगत कराया । कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की विशेष उपस्थिति में चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को 21 लाख रुपए का चेक उक्त योजना में सहभागिता हेतु प्रदान किया । उक्त भेंट - मुलाकात के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ .दीक्षित , डॉ. मोहन पारख, डॉ. दिवाकर , डॉ. नरेंद्र गांधी , डॉ. मिथलेश शर्मा ,डॉ. सतीश वासनिक , डॉ. नरेंद्र कटियारा ,डॉ. विक्रम बग्गा , डॉ. योगेश सोनी , डॉ. बी सी जैन , डॉ. कुमरे, तथा डॉ. एच एल मोतीरमानी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई ।

## वर्तमान ट्रस्टी फिर संभालेंगे ट्रस्ट की जिम्मेदारी

### दो श्रेणियों की मतगणना में सेवादल को पूर्ण बहुमत

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मंदिर ट्रस्ट चुनाव में एक बार फिर सेवादल पैनल नें दो तिहाई बहुमत के साथ एकतरफा विजय प्राप्त की है। समाचार लिखें जाने तक सेवा दल पैनल नें दोनों ही श्रेणियां में अप्रत्याशित बहुमत प्राप्त कर लिया इधर साधारण श्रेणी की काउंटिंग प्रारम्भ कर दी गई थी। जानकारी अनुसार सोमवार को मतगणना का कार्य प्रात: 07 बजे प्रारम्भ हुआ और एक घंटे के भीतर ही परिणाम के रुझान भी आने शुरू हो गए । देखते ही देखते दोपहर 11.30 तक आए परिणामों में सेवा दल के 05 प्रत्याशियों नें संरक्षक श्रेणी में विजय प्राप्त की तो दूसरी ओर भैयाजी पैनल से 02 उम्मीदवारों की विजय की घोषणा की गई। वहीं आजीवन श्रेणी की गिनती लगभग 2.30 बजे प्रारम्भ की गई और लगातार 03 घंटे तक चले मतगणना में शाम 5. 30 बजे तक आजीवन श्रेणी के परिणामों की भी घोषणा कर दी गई। इस श्रेणी में सेवादल पैनल का ही दबदबा रहा। इस श्रेणी में





भैया जी पैनल के किसी भी उम्मीदवार को इतने वोट नहीं मिले जिससे वह पहले 05 में आ सके । इस पैनल में 11 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। विजयश्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के द्वारा विजय प्राप्त करने अपने समर्थकों के साथ माता के दरबार में मत्था टेक विशेष पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया गया। वहीं नीचे मंदिर प्रांगण में सोमवार को जैसे-जैसे वोटो की गिनती होती थी। वैसे नगाड़ो की गुंज व आतिशबाजी देखते ही बन रही थी। संरक्षक श्रेणी 317 वोट के साथ मनोज अग्रवाल रहे सबके आगे :- संरक्षक श्रेणी में सेवादल पैनल के मनोज अग्रवाल को 317, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल को 300, अनिल गट्टानी को 285, योगेश अग्रवाल को 261, महेंद्र भाई पटेल को 254 वोट मिला व भैया जी पैनल के हरीश भंडारी को 243 व नारायण अग्रवाल को 229 मत लेकर संतुष्ट होना पड़ा। परिणाम आने के बाद यह सभी सातों ट्रस्टी के रूप में चुने गए।

**आजीवन श्रेणी में भी सेवा दल का ही रहा दबदबा**

101 वाले इस श्रेणी में पूर्व उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को सबसे अधिक 542 मत मिले, पीतांबर स्वामी को 541, प्रकाश बिंदल को 494, चंद्रप्रकाश मिश्रा को 482 व पांचवा सबसे अधिक वोट महेंद्र परिहार को 444 मिले।

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा की सरकार द्वारा लगातार भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है, मामला उजागर होने पर भाजपा सरकार कांग्रेसी नेताओं पर द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए ईडी को सामने रखकर लगातार कार्यवाही कर डराया व धमकाया जा रहा है। उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर मंगलवार 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जा रहा है। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि बैठक में उपस्थित शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू व संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू व कांग्रेसजनों ने कहा कि यह लड़ाई जनहित मुद्दों को लेकर लड़ी जा रही है भाजपा द्वारा सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्षी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ता पर की जा रही कार्यवाही के विरोध में शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व जिला स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम राष्ट्रीय राजमार्ग जीई रोड सीआईटी तिराहा बायपास के पास दोपहर 12 से 02 बजे तक किया जा रहा है। आयोजित चक्काजाम में कांग्रेसजन सहित शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## महाकाल की पालकी यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू शामिल हुई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पावन सावन मास के दूसरे सोमवार को श्री महाकाल सेना के पावन सानिध्य में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण किया गया।पालकी यात्रा बसंतपुर चौक से प्रारंभ हुई। महामाया चौक में राजनांदगांव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू शामिल होकर बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल से जिलेवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



## लहराते तिरंगो, बोलबम, राष्ट्रप्रेम झांकी के साथ निकली सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा









**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** द्वितीय सावन सोमवार श्री बागेश्वर धाम मंदिर सिंदूर तिरंगा कावड़ यात्रा शिवभक्ति के तेज व राष्ट्र प्रेम के जोश के साथ शिवभक्तों द्वारा निकाली गई जिसमें श्री बागेश्वर धाम सेवक, पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक शर्मा, सौरभ खंडेलवाल ने बताया श्री सिंदूर विजय, तिरंगा कावड़ यात्रा जो कि सोहनलाल गुप्ता (संरक्षक)भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा,(पूर्व सैनिक ) राकेश ठाकुर (शनिधाम) अन्य संलग्न संस्थाओं के बागेश्वर धाम सेवकों की उपस्तिथि मे, कावड़ यात्रा शिवभक्ति की शक्ति व राष्ट्रप्रेम को एक धागे में पिरोकर शिवभक्तों द्वारा निकाली गई जिसमें अनेक सामाजिक संस्थाओ के तथा नीरज बाजपेयी, इंटरनेशनल स्कूल के संचालक, नीरज बाजपेयी, कसौंधन वैश्य प्रदेश महिला अध्यक्ष सुमन गुप्ता, गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा आदि अनेक धर्म समाज सेवी शामिल हुए । कांवड़ यात्री हाथ मे कांवड़ के सथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लिए हुए । जिसमें कांवड़ यात्रियों के आगे डी जे मे शिवजी के भजनों के साथ देशभक्ति गीत से संपूर्ण वातावरण शिवमय व राष्ट्रप्रेम से प्रज्जवलित हो गया। कावड़ यात्रियों के पीछे में शिवभक्ति की शक्ति,राष्ट्रभक्ति का संगम लिए झांकी भी जिसमें भगवान शिव तिरंगा लहराते हुए व भारतीय सेना के तीनों अंगो थलसेना, जलसेना, वायुसेना के जवान चित्रित थे, सिंदूर विजय के साथ थे । झांकी को तिरंगों से सजाया गया था । झांकी को सौरभ गुप्ता, प्रतीक गुप्ता द्वारा संचालित किया जा रहा था । नंदई चौक में विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, पार्षदों सहित पुष्प वर्षो कर स्वागत किया. शिवभक्ति के साथ राष्ट्र को समर्पित कांवड़ यात्रा में श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता,कांवड़ यात्रियों, डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव की अन्य उपस्थित संस्कारधानी वासियो द्वारा राष्ट्रगाना जन-गण-मन गाया गया । श्री बागेश्वर धाम मंदिर में भगवान बागेश्वर शिव मे कांवडयात्रियों द्वारा कांवड़ का जलअर्पण किया गया, महाआरती व राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ अगली सनातन प्रभु श्रीराम -हनुमान कांवड़ यात्रा तक विराम दिया गया, श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवकों द्वारा तीसरी 28 जुलाई को सनातन धर्म प्रभु श्रीराम-हनुमान कांवड़ यात्रा में संस्कारधानी के सभी सनातनी शिवभक्तों को शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है । उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धमार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई है ।

### डॉ. रमन सिंह, मधुसूदन यादव के साथ कांवड़ यात्रियों ने गाया राष्ट्रगान

nandgaon times JULAI-22-1.qxd 7/22/2025 12:06 AM Page 2



## जनपद कर्मचारी ने खुद वेंडर बन किया भुगतान : सिर्फ निलंबित, BNS धारा 202, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अपराध पंजीकृत नहीं

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत में एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है, जहाँ एक जनपद कर्मचारी ने स्वयं वेंडर बनकर सरकारी धन का भुगतान कर दिया। इस घटना पर जहाँ संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है, वहीं भारतीय न्याय संहिता की धारा 202 ,1988 के तहत अभी तक कोई आपराधिक मामला दर्ज न होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छुईखदान जनपद पंचायत में किए गए कुछ भुगतानों की आंतरिक पड़ताल के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। जाँच में पाया गया कि विभाग के ही कुछ कर्मचारी ने कथित तौर पर स्वयं को वेंडर के रूप में दर्शाते हुए, सरकारी परियोजनाओं या सेवाओं के लिए भुगतान प्राप्त किए। यह कृत्य सीधे तौर पर हितों के टकराव और पद के दुरुपयोग का मामला है। इस अनियमितता के उजागर होने के बाद, प्रशासन ने खानापूर्ति की कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी को प्रभाव से निलंबित कर दिया है। परन्तु कर्मचारीयो द्वारा पूरा खेल घर से ही खेला जा रहा ज्यादातर पंचायतो




के डिजिटल पेमेंट डिवाइस अभी तक निलंबित ऑपरेटरों के हाथ में ही है जो बहुत से गांव के सचिव सरपंच के हाथ में ही नहीं आ पाया है हालांकि, इस पूरे मामले में एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 202 के तहत एवं भ्र्ष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 , जो सरकारी विभाग में काम करते हुए खुद को या अपने सम्बन्धियों को लाभ पहुंचने के लिए किया गया काम भ्र्ष्टाचार की श्रेणी में आता है इसमें आपराधिक मामला क्यों नहीं दर्ज किया गया है। जानकारों का मानना है कि ऐसे गंभीर वित्तीय हेराफेरी के मामलों में केवल विभागीय निलंबन पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक आपराधिक जाँच भी आवश्यक है ताकि दोषियों को कानून के दायरे में लाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों , कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने इस पर चिंता व्यक्त की है और मांग की है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और अविलंब क्नहस् की संबंधित धाराओं के तहत एफ्आईआर दर्ज करे। उनका कहना है कि केवल निलंबन से भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगेगी, जब तक कि अपराधियों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई न की जाए। फ्लिहाल, विभागीय जाँच जारी है, और यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में आपराधिक कार्रवाई करने का निर्णय कब लेता है।

## मनेरी स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज सावन माह के द्वितीय सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मनेरी में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया गया।संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि स्कूल परिसर में अब तक विभिन्न प्रजातियों के करीब 50 पौधरोपण जा चुका है। इस दौरान मनेरी स्कूल के संकुल समन्वयक नीलमनी साहू , प्रधान पाठक भंवर लाल देवांगन, विनोद शर्मा ,खेमलता खरे ,भुनेशवरी कोर्राम ,आदि शिक्षकों ने विशेष सहयोग कर,छात्र छात्राओं को एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण करने पर बल दिया।



## रानी दहरा जलप्रपात में फंसे युवक की तलाश जारी, कलेक्टर ने एसडीआरएफ को बुलाया

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सोमवार को सुबह कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात का दौरा किया और हाल ही में हुई दुर्घटना के मद्देनजर स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



## गायत्री विद्यापीठ में देव संस्कृति विश्व विद्यालय हेतु विद्यार्थियों का दल पहुंचा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से तीन माह के इंटर्नशिप हेतु 8 विद्यार्थियों का दल विद्यालय पहुंचा। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर एवं उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर के मार्गदर्शन में उक्त छात्राओं का स्वागत करते हुए इस पुनीत कार्य हेतु उन्हें शुभकामनाएं दी गई। उक्त विद्यार्थियों के दल में मुख्य रूप से छात्रा अंकिता कुमारी, अंकिता राज, खुशबू नेगी, सोनाली कुमारी, दीक्षा शर्मा, अर्चना पाल, उपासना कुमारी एवं साक्षी कुमारी शामिल हैं जिनके द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास एवं जीवन जीने की कला संबंधी ज्ञान प्रदान किए जाएंगे। उक्त छात्राएं शाला की आचार्या श्रीमती ओमवती सिंग के संरक्षण में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगी। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता व मीडिया प्रभारी श्रीमती उषा झा द्वारा दी गई।



## पालिका सफाई कर्मचारियों का वेतन रक्षा बंधन त्योहार से पहले भुगतान हो - नरेश करसे

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिका डोंगरगढ़ के सफ्राई कर्मचारियो ने विगत जून जुलाई के लंबित वेतन की रक्षा बंधन के त्योहार के पूर्व भुगतान कराने की मांग को लेकर मुख्य नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा गया है! इस मौके पर नरेश करसे शहर अध्यक्ष अखिल भारतीय सफ्राई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड युनियन डोंगरगढ़ ने बताया कि रक्षा बंधन हमारे समाज में भाई बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस त्योहार के अवसर पर हमारे सफ्राई कर्मचारी भाई बहन भी अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं और अपनी बहनों को राखी बांधने का सम्मान प्राप्त करना चाहते है, वहीं सफ्राई कर्मचारी भाई बहनों का जून एवं जुलाई माह का लंबित वेतन रक्षा बंधन के त्योहार जो कि 09 अगस्त को है और हमारी मांग है कि 05 अगस्त 2025 के पहले भुगतान करने की व्यवस्था करें ताकि हमारे सफ्राई कर्मचारी भाई बहन अपने परिवार के साथ इस त्योहार को मनाने में सक्षम हो पाएंगे।



## गन्ने से निकला वेस्ट मटेरियल से पीएसबी खाद बनाया जाए: चौधरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी को पत्र के माध्यम से सुझाव दिया है कि कवर्धा शक्कर कारखाने से निकले हुए वेस्ट मटेरियल से गान्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के द्वारा बनाया जा रहा पीएसबी खाद छत्तीसगढ़ में भी बनाया जाए पीएसबी खाद जमीन में जो हम यूरिया पोटाश डीएपी और जिंक छीटते हैं उसका 30 से 40 परसेंट जमीन में ही पड़ा रह जाता है पीएसबी खाद का काम है की जमीन में सुसुप्त अवस्था में पड़े रासायनिक खाद को एक्टिव करके पौधे तक पहुंचाना इसका सफ्ल प्रयोग उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा किया जा रहा है यह ?50 किलो में मिलता है और एक एकड़ में 5 किलो ही छींटना है यह किसानों के लिए बहुत लाभप्रद है पीएसबी का मतलब है पी याने फ्स्फोरस एस का तात्पर्य है शाल्यूबिलाजिंग और बी का अर्थ है बैक्टीरयाछत्तीसगढ़ के किसानों को लाभ देने के लिए कवर्धा शक्कर कारखाने से निकाला वेस्ट मटेरियल से पी एस बी खाद बनाया जा सकता है डॉक्टर साहब से निवेदन किया गया है कि इस ओर ध्यान देकर पी एस बी खाद बनाना प्रारंभ किया जाए।



**शुभांक**

**3-5-0**

**790-6 350-8**

**भाग्यांक**

**566-7 223-7**


**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में खेमराज सिन्हा पिता स्व. मनोहर लाल सिन्हा था, निवासी-सारंगपाणी चाल, पुराना सिविल लाईन वार्ड नं.-13, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला हूँ। मैने विधिवत धर्म परिवर्तन कर अपना नाम मोहम्मद अनीश पिता स्व0अब्दुल रहमान रख लिया है। अब मुझे इस नये नाम से जाना पहचाना जाता है और इस नाम से पुकारा जाता है। अब मुझे मेरे नये नाम से संबोधित किया जाये।

**मोहम्मद अनीश**
निवासी-सारंगपाणी चाल,
पुराना सिविल लाईन
वार्ड नं.-13, राजनांदगांव
तहसील व जिला राजनांदगांव

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में श्रीमती अग्नि बाई सिन्हा पति स्व. मनोहर लाल सिन्हा था, निवासी-सारंगपाणी चाल, पुराना सिविल लाईन वार्ड नं.-13, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की रहने वाली हूँ। मैने विधिवत धर्म परिवर्तन कर अपना नाम श्रीमती शहनाज बानों पति स्व0अब्दुल रहमान रख लिया है। अब मुझे इस नये नाम से जाना पहचाना जाता है और इस नाम से पुकारा जाता है। अब मुझे मेरे नये नाम से संबोधित किया जाये।

**शहनाज बानो**
पति स्व. मनोहर लाल सिन्हा
निवासी-सारंगपाणी चाल,
पुराना सिविल लाईन
वार्ड नं.-13, राजनांदगांव
तहसील व जिला राजनांदगांव


## समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद छुईखदान द्वारा सावन उत्सव व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिला कार्यकारिणी की सहयोगी बहनों द्वारा हरित माह सावन के उपलक्ष्य में रविवार को दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ सहित सावन उत्सव का आयोजन किया. परिषद् की जिलाध्यक्ष श्रीमती डॉली तिवारी एवं जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सुहागन बहनों को श्रृंगार प्रसाधन सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया, इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण श्रद्धा एवं भक्तिमय हो गया था. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा सहित श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, अंजू तिवारी, श्रद्धा तिवारी, विमला शर्मा, सरिता शर्मा, रेणु त्रिपाठी, रेणु चौबे, कविता चौबे, श्रद्धा दुबे, रोहिणी शर्मा, अर्चना दुबे, कविता सिंह, खुशबू सिंह आदि बहनों का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम में गायत्री मंदिर के पुजारी और वहाँ की कार्यकर्ता बहनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ. इस आयोजन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में स्वजातीय एवं सनातनी बहनों ने श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई.



## शराब पीकर पिताजी से लड़ाई झगड़ा करने वाला कलयुगी पुत्र जेल यात्रा पर

**मामला - ग्राम कसारी का**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** आए दिन शराब पीकर घर में अपने परिजनों से लड़ाई झगड़ा करने वाला कलयुगी पुत्र की पिता की शिकायत के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ कर जेल यात्रा को चला गया है। मोहारा पुलिस चौकी से मिली जानकारी में बताया गया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रार्थी रामप्रसाद वर्मा पुलिस चौकी मोहारा में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उनका पुत्र संतोष वर्मा आए दिन शराब पीकर, घर आकर वाद-विवाद लड़ाई झगड़ा करता रहता है जिस संबंध में मोहारा पुलिस के द्वारा कलयुगी पुत्र को समझाने का प्रयास किया गया परंतु नहीं समझने पर धारा 170,126,135(3) बी एन एस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल दाखिला कराया गया।



## छुईखदान स्कूल स्वामी आत्मानंद में गंदगी का आलम: छात्रों और अभिभावकों में रोष

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल , में गंदगी और अस्वच्छता का गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल परिसर से लेकर शौचालय तक, हर जगह फैली गंदगी ने छात्रों के स्वास्थ्य पर खतरा पैदा कर दिया है, जिससे अभिभावकों और स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्कूल के छात्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्कूल के मैदान में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। प्लास्टिक, कागज और खाने-पीने की चीजें यहाँ-वहाँ बिखरी पड़ी हैं, जिससे न केवल परिसर का सौंदर्य खराब हो रहा है, बल्कि मच्छरों और अन्य कीटों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति शौचालयों की है, जहाँ गंदगी के कारण जाना भी दूभर हो गया है। शौचालयों में पानी की कमी और नियमित साफ्-सफ्राई न होने से दुर्गंध आती रहती है, जिससे छात्रों, विशेषकर छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हम अपने बच्चों को साफ्-सुथरे माहौल में पढ़ने भेजते हैं, लेकिन यहाँ की स्थिति देखकर मन व्यथित हो जाता है। इतनी गंदगी में बच्चे कैसे स्वस्थ रह सकते हैं? कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन स्कूल प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। छात्रों ने भी अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उन्हें गंदे शौचालय इस्तेमाल करने पड़ते हैं, जिससे उन्हें कई बार शर्मिंदगी और असहजता महसूस होती है। पीने के पानी की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। छात्रों ने इस संबंध में कई बार स्कूल प्रबंधन और संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल परिसर की साफ्-सफ्राई सुनिश्चित की जाए, शौचालयों को दुरुस्त किया जाए और स्वच्छता के लिए एक स्थायी व्यवस्था बनाई जाए ताकि छात्रों को एक स्वस्थ और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल मिल सके। उम्मीद है कि प्रशासन गहरी नींद से उठ कर इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेगा और आवश्यक कदम उठाएगा।

## एक पेड़ माँ के नाम के तहत कलेक्टर दिव्या मिश्रा के तत्वाधान में वृक्षारोपण

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वन पर एक पेड़ माँ के नाम के तहत आज पूरे बालोद जिला में जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया है। यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। ठीक इसी प्रकार आज 20 जुलाई 2025 को बालोद जिला कलेक्टर ऑफ्सि,उप पंजीयक कार्यालय, राजहरा व्यापारी संघ कार्यालय में आज 20 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा,छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़कॉमर्स मंत्री स्वाधीन जैन,भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जयदीप गुप्ता, भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार डोंगरे,अंकित टाटिया ,हितेश बाघमार ने उपस्थित होके वृक्षारोपण किया।



## गोशाला परिसर में आईटीबीपी के जवानों के रोपे पौधें, लिया सुरक्षा का संकल्प

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** 40वीं वाहिनी आईटीबीपी डोंगरगढ़ द्वारा श्रीकृष्ण गोशाला डोंगरगढ़ के परिसर में शनिवार को कमांडेंट तेजभान सिंह के नेतृत्व में सहायक सेनानी दीदार शेख, सहायक सेनानी अजय सिंह, नायब तहसीलदार सतपाल यादव, श्रीकृष्ण गोशाला कमेटी के अध्यक्ष सिद्ध गोपाल नरेड़ी, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, कैलाश गोयल व अन्य सदस्यों तथा महिला मंडल की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट तेजभान सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता एवं सतत योगदान की भावना को मूर्त रूप देते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 40वीं वाहिनी डोंगरगढ ने वर्ष 2025 के दौरान कुल 8400 पौधों के रोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य न केवल संगठन की पर्यावरणीय चिंताओं का प्रतिबिंब है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने की दिशा में एक पहल भी है। इस अवसर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम ने पर्यावरणीय जागरूकता को सशक्त रूप से जनमानस से जोड़ा। कार्यक्रम में 40वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सभी पदाधिकारीगण, श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यगण, तथा स्थानीय महिलाओं की गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता उल्लेखनीय रही। इस आयोजन में पौधों का रोपण केवल प्रतीकात्मक नहीं रहा, बल्कि यह पर्यावरणीय चेतना के प्रसार, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अनुपालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणास्पद पहल बनकर सामने आया ।



यह आयोजन हरित भविष्य की कल्पना को साकार करने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे समाज में हरियाली और प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर कमांडेंट तेजभान सिंह ने अभियान में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों, श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रयास को समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्व-बोध की एक प्रेरणादायक मिसाल बताया।

## पर्यावरण विरोधी भूपेश बघेल जी का बाप का जंगल बयान निंदनीय : अग्रहरि



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को पर्यावरण विरोधी बताते हुए उसके बाप का जंगल वाले बयान की घोर निन्दा किया है। श्री अग्रहरि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के एक पेड मां के नाम के बरअक्स पूरा जंगल बाप के नाम कहकर न केवल अपने आप को पर्यावरण विरोधी साबित किया नक्सली समर्थक रहे अपने पीता के नक्शे कदम पर चल कर भी दिखा दिया जिन्होंने राक्षस राज ब्राह्मण कुमार रावण को मत मारो जैसे पुस्तक लिखी थी और जब-तब नक्सलियों का समर्थन किया करते थे, वो नक्सली जो अपने स्वार्थ के चलते बस्तर, अबूझमाड़ के जंगलों में रहने वाले आदिवासी भाईयों का कभी विकास नहीं चाहा, इस क्षेत्र को समाज के मुख्यधारा में शामिल होने से वंचित किया। अब जब देश के गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में तमाम नक्सलियों का सफ्राया हो रहा है तो कांग्रेसियों को रोना आ रहा है और पूरा जंगल बाप का जैसे निंदनीय शब्दों का उपयोग कर रहे हैं जो शायद उनके लिए उल्टा साबित हो रहा है। श्री अग्रहरि ने कहा कि पर्यावरण विरोधी पूर्व सीएम की कांग्रेसी सरकार ने ही हसदेव जंगल में पेडो़ की कटाई के लिए नो गो जोन को हटाया था। इससे ये पता चलता है कि कांग्रेसी लोग कितने जंगल प्रेमी और पर्यावरण प्रेमी हैं। यही वजह है कि पूर्व सीएम को नक्सली समर्थक रहे अपने पिता को याद कर उन्हें पूरा जंगल बाप का जैसे शब्दों का उपयोग करना पड़ा है जो घोर निंदनीय है।



## उमरवाही क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** उमरवाही क्षेत्र मे यूरिया खाद की कमी के चलते क्षेत्र के किसानो को अपनी कृषि कार्य को करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, परेवाडीह पंचायत के सरपंच गैंदलाल सिन्हा ने प्रतिनिधि को बताया कि वो अब से सात दिन पहले यानि 14 जुलाई को अपना पर्चा स्थानीय सेवा सहकारी समिति उमरवाही में यूरिया खाद के लिए जमा कर चुके हैं, पर आज सात दिन बीत जाने के बाद भी उन्हे खाद अप्राप्त है, ग्रामीण मलेश कुंजाम , सुन्दरलाल भुआर्य , ओमप्रकाश जैते , पुनाराम ठाकुर , भोलाराम निषाद, श्रवणलाल चिण्डा, ने भी खाद की समस्या को क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बताया है। साथ ही उन्होने शीघ्र ही शासन से खाद की किल्लत को दूर करने की मांग की है।




**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202507092200023**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025
[515/3(0.0120 हे0) 1
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सवनी बाई सोनवानी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सवनी बाई सोनवानी पति स्व. चुन्नी लाल सोनवानी उम्र 70 वर्ष जाति धोबी निवासी इंदिरा वार्ड नम्बर 02 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में शहर डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) में कृषि भूमि स्थित है। जिसे मेरे द्वारा भूमि विक्रेता गणेश राम पिता रामसिंग जाति साहू से विधिवत क्रय किया गया था जिसका नामांतरण दिनांक 01.12.1995 है। जिस पर में आवेदिका काबिज हूँ। किन्तु उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका मेरे द्वारा प्राप्त नहीं की गई थी। किन्तु जरूरत पड़ने पर मैंने अपनी उक्त भूमि का ऑनलाईन बी-1, खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशीश की गई तो पता चला की उक्त भूमि मेरे नाम से राजस्व ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज ना होकर बंसत कुमार पिता दीनदयाल के नाम पर दर्ज हो गई है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः आवेदक शहर डोंगरगढ़ स्थित आवेदिका की उक्त भूमि खसरा नम्बर 515/3 का ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी -1. खसरा, नक्शा एवं मेनुअल ऋण पुस्तिका मेरे कब्जा एवं नामांतरण पंजी के अनुसार दर्ज कर समस्त राजस्व रिकार्ड । ऑनलाईन रिकार्ड दुरुस्त करने का आदेश पारित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2024 में भारत की रैंकिंग क्या है?*

*2) हाल ही में भारत की समुद्री डीकार्बोनाइजेशन सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?*

*3) नेशनल बर्ड डे किस दिन मनाया जाता है?*

*4) नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 का विषय क्या है?*

*5) असम के किस राष्ट्रीय उद्यान में हाल ही में दुर्लभ सफेद पंखों वाले बत्तखों की एक जोड़ी देखी गई?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 49वां (2) नई दिल्ली (3) 5 जनवरी (4) गणतंत्र श्च 75 (5) दीहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान

## आजादी के पर्व पर ना फैलाएं फुहड़ता - शिवसेना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलों में देशभक्ति के साथ फिल्मी गानों में कार्यक्रम



आयोजित होता है। जिससे स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को ठेस पहुचता है। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी के आदेशानुसार प्रदेश सचिव कमल सोनी के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से यह मांग की है कि जिले के सभी निजी एवं शासकीय स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में देश भक्ति, धार्मिक एवं छत्तीसगढ़ धरोहर के गानों में ही मर्यादापूर्ण तरीके से आयोजित करें। जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने कहा जिले में बहुत सारे निजी व शासकीय स्कूल है और सभी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है स्कूलों में बच्चों के द्वारा डांस का कार्यक्रम भी होता है लेकिन उत्साह भरे इस कार्यक्रम में अभद्र फिल्मी गानों का भी उपयोग किया जाता है। जो कि हमारी संस्कृति को ठेस पहुंचता है। शिवसेना मांग करती है कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हर स्कूलों, कालेजों एव सभी संस्थानों में हो लेकिन यह आयोजन फिल्मी अभद्र गानों से परहेज कर हमारी संस्कृति को ध्यान में रखते हुवे देश भक्ति गाने, धार्मिक गाने और छत्तीसगढ़ धरोहर के गानों के साथ आयोजित हो।

## डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथों खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री स्किल्स अकैडमी डोंगरगांव में



कराते बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अकैडमी में पहुँचकर खिलाड़ियों को सर्टिफिक्ेट्स वितरित किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम का आयोजन अकैडमी के डायरेक्टर तोषण कुमार, कराते ब्लैक बेल्ट डाकेश्वर वर्मा तथा मुख्य प्रशिक्षक दुलेश्वर देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने वालों में पलक साहू, मानवी साहू और चेतन आनंद का नाम शामिल है। इसी प्रकार येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में खुशी यादव, मोनाली यादव, रोशनी साहू, तेजल साहू, पाखी, त्रृषिका, ख्याति, राजश्वी, जया साहू, चारुनिधि, तुषार सिन्हा, आदित्य, काव्या, युवराज, तक्षराज, अंशुल, हरसुखमन एवं वंशिका शामिल थे कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व खेलप्रेमियों की उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा।

# नाबालिग से छेड़छाड़ और भाई से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, कबीरधाम पुलिस की तत्पर कार्यवाही

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाते हुए गंभीर अपराध में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।




दिनांक 19 जुलाई 2025 को प्रार्थिया (उम्र लगभग 17 वर्ष 5 माह) निवासी गथाना तरेगांव जंगल, अपने भाई के साथ बुआ के घर बसनी से लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में दो युवक — अनुज धुर्वे पिता कमलसिंह धुर्वे (उम्र 20 वर्ष) एवं राधेलाल झारिया पिता द्वारका झारिया (उम्र 24 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम सुनहेरा, थाना मवई, जिला मंडला (मध्यप्रदेश) — पीछा करते हुए बनगौरा के जंगल में आम रास्ते पर पहुंचे। आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता और उसके भाई को रास्ते में रोका, गंदी-गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और पीड़िता के भाई के साथ हाथ-मुक्के से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता से बेइज्जती करने की नीयत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। पीड़िता द्वारा अपने भाई के साथ थाना तरेगांव जंगल में इस घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 17/2025 धारा 74, 296, 351(3), 78, 126(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 08 पोक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण में दोनों आरोपियों को दिनांक 21 जुलाई 2025 को क्रमश: 12.30 बजे और 12.35 बजे विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। तत्पश्चात दोनों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय प्रथम श्रेणी कवर्धा प्रस्तुत किया गया। यह कार्यवाही कबीरधाम पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं कानून-व्यवस्था के प्रति समर्पण को दर्शाती है। महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग पूरी गंभीरता के साथ सतत कार्यरत है।

## कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है : भावना बोहरा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर, अमरकंटक में माँ



नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इसके पूर्व रविवार को भावना बोहरा ने मेला मैदान, नया नगर पालिक परिसर, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों से मुलकात की और उन्हें भोजन परोसकर उनकी सेवा की और भजन संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान लगभग 3000 से अधिक संख्या में कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों और पंडरिया विधानसभा एवं जिला पदाधिकारी, कार्यकता एवं भक्तजनों ने उत्साह के साथ भजन संध्या में शामिल हुए और हर हर महादेव के नाम से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।



## खपरीखुर्द से सुकुलदैहान तक 1000 करंज पौधा लगाने की मुहिम की शुरुआत की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हरियाली बाहिनी अभियान के तहत रोड किनारे करंज पौधे लगाकर गांव स्तर में आय का जरिया बनाने और हरियाली फैलाने की मुहिम में लोग जुड़ते नजर आ रहे है पिछला रविवार को खपरीखुर्द से सुकुलदैहान तक 1000 करंज पौधा लगाने की मुहिम की शुरुआत की गई जिसमें सरपंच सहित ग्रामवासी महिला समूह की अहम भूमिका रही आज ठेलकाडीह से सिरसाही तक 1000 करंज का पौधा लगाया गया जिसमें जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह बघेल की विशेष सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया ।

# डाक कांवडियों ने सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कांवडियों के ऊपर बरसाया गुलाब फुल



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन पर्व के दूसरे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर शीतला मंदिर बुढ़ा सागर पहुंची। इसी क्रम में सड़क पर सफाई कर रहे कर्मचारियों पर गुलाब फुल बरसा कर उनका धन्यवाद किया।संस्था ने बताया कांवडिया के रास्ते को सफाई करने अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, ताकि कांवडिया सुरक्षित मंदिर पहुंच सके। शीतला मंदिर पर हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया का पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई। आयोजनकर्ता शिवगण मां पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा शामिल थे। दूसरे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, नीरज स्कूल से नीरज वाजपेई इस यात्रा में शामिल होकर एवं सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। 28 जुलाई को तीसरे सोमवार को मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर मां पाताल भैरवी मंदिर बर्फानी धाम जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णव, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुदंडा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, बेटी चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, ग्राम भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डड़सेना आदि उपस्थित थे।

# भोरमदेव थाना के सामने कांवड़ यात्रियों को प्रसादी वितरण - पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सेवा कार्य जारी

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** सावन के पावन महीने में भोलेनाथ के भक्तों की आस्था और श्रद्धा चरम पर है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भोरमदेव थाना के सामने में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा कार्य आयोजित किया जा रहा है। सावन के प्रत्येक सोमवार को आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत भोरमदेव थाना क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों और स्थानीय श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया जा रहा है। आज सावन का दूसरा सोमवार था, और इस अवसर पर थाना परिसर के सामने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रसादी का वितरण किया गया।



दूसरे सावन की प्रसादी में चना, बूंदी और केला वितरित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। इस सेवा कार्य में थाना स्टाफके सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान भोरमदेव कवर्धा एसडीओपी श्री कृष्णा चंद्राकर, थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और पुलिस कर्मियों ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा।श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कदम बताया। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सावन माह में शिवभक्तों की सेवा करना एक सौभाग्य है। पुलिस का कर्तव्य न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव भी हमारी प्राथमिकता है। यह पहल न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा देने का माध्यम है, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देती है। सावन के आगामी सोमवारों को भी इसी तरह से सेवा कार्य जारी रखने की योजना है, जिसमें प्रसादी के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर और अन्य सुविधाएं भी शामिल की जाएंगी।

# डोंगरगांव में जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन, विशाल व तन्मय की जोड़ी बनी विजेता

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन स्टूडेंट ऑफ पीबीए डोंगरगांव डीएसए के जूनियर्श के द्वारा डीएसए के समर्थन व सहयोग से आयोजित किया गया यह प्रतियोगिता दो दिवसीय था , प्रतियोगिता के उद्घाटन में राजनांदगांव जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व डीएसए के अध्यक्ष शैलेश जैन द्वारा उद्घाटन किया गया। उद्बोधन शैलेश जैन द्वारा बताया गया कि उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव, केसीसी, मोहला मानपुर अं. चौकी, कवर्धा व बालोद जिले के कुल 35 युगल टीमों ने शिरकत की है। टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार राशि व ट्रॉफी साथ ही स्मृति चिन्ह की व्यवस्था रखी गई है। आयोजित टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार - 7000/रुपए योगेश्वर सहारे द्वारा व ट्रॉफी आशीष व इरफ़ान अहमद, डोंगरगांव, द्वारा प्रदत्त, किया गया द्वितीय पुरस्कार 4000/रुपए, कमलेश यादव (गौतम जलपान गृह डोंगरगांव व ट्रॉफी हिमांशु अहिर द्वारा प्रदत्त, साथ ही तृतीय पुरुस्कार के रूप में ट्रॉफी प्रणय सोनी द्वारा प्रदान कर



सहयोग दिया गया है। स्टूडेंट्स ऑफ पीबीए व डीएसए के जूनियर्स द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में कपिल नायडू व पार्टनर नितिन भाठी राजनांदगांव,की युगल जोड़ी का मुकाबला विशाल व तन्मय की जोड़ी के साथ हुआ जिसमें विशाल व तन्मय की जोड़ी विजई होकर फ़ाइनल पहुंची। दूसरी ओर हाजिक खान व प्रणय सोनी की युगल जोड़ी ने पंकज व पार्टनर की जोड़ी को परास्त करते हुए फ़ाइनल पहुंची। फ़ाइनल मुकाबले में विशाल व तन्मय राजनांदगांव की जोड़ी ने शानदार खेल कौशल दिखाते हुए हाज़िक खान व प्रणय सोनी डोंगरगांव की जोड़ी को तीन सेट चले मुकाबले में परास्त करते हुए फ़ाइनल की विजेता जोड़ी बनी। समापन में विजई युगल खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, डीएसए के अध्यक्ष शैलेश जैन, सचिव योगेश जैन, संदीप जैन, योगेश्वर सहारे के आतिथ्य में पुरस्कारों का वितरण किया गया विजेता खिलाड़ियों के साथ साथ प्रतियोगिता में नगर के उदयीमान खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया साथ ही आयोजक समिति द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समापन समारोह में आयोजन समिति के वरिष्ठ खिलाड़ीगण व सभी जूनियर खिलाड़ी व नगर के खेलप्रेमी उपस्थित थे ,कार्यक्रम में तहसीलदार पी एल नाग, संजय यदु, आशीष ढोमने, इरफान कुरैशी, शशांक साहू, विजय यदु, नेबू मैथ्यू, एनेंद्र शर्मा, सिद्धार्थ जैन, शेयश वैष्णव, शौर्य लोढ़ा, शिवम टावरी, श्रेया कोचर, सक्षम जैन , आदित्य शर्मा, गौरव सोनी, विवेक जैन, आदित्य पांडे, अरहम जैन, हाजिक खान का सराहनीय सहयोग रहा,

## धर्म समाचार....

# पितरों का तर्पण करते समय जपें ये शक्तिशाली मंत्र, पितृ दोष से मिलेगी मुक्ति



धार्मिक मत है कि सावन अमावस्या तिथि पर भगवान शिव की पूजा करने से साधक को कुंडली में व्याप्त अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त हो जाता है। साथ ही जीवन में खुशियों काा आगमन होता है। अमावस्या के दिन साधक इच्छा और आर्थिक स्थिति के अनुसार दान करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, गुरुवार 24 जुलाई को सावन अमावस्या है। इसे हरियाली अमावस्या भी कहा जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है।

धार्मिक मत है कि हरियाली अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। पितरों की कृपा से व्यक्ति को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। अगर आप भी अपने पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो हरियाली अमावस्या के दिन स्नान-ध्यान के बाद देवों के देव महादेव की पूजा करें। साथ ही सावन अमवास्या के दिन पितरों का तर्पण करें। वहीं, पितरों के तर्पण के समय इन मंत्रों का जप करें।

**शिव मंत्र**

1. गोत्रे अस्मतपिता (पितरों का नाम) शर्मा वसुरूपत् तृप्यतमिदं तिलोदकम

गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः।

गोत्रे अस्मतपिता (पिता का नाम) शर्मा वसुरूपत् तृप्यतमिदं तिलोदकम

गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः।

गोत्रे मां (माता का नाम) देवी वसुरूपास्त् तृप्यतमिदं तिलोदकम

गंगा जल वा तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः, तस्मै स्वधा नमः

2. ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

3. नमामिशमीशान निर्वाण रूपं विभुं व्यापकं ब्रह्म वेद स्वरूपं।।

4. ? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात॥

5. ? सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।

6. ? देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः।

? आद्य-भूताय विद्महे सर्व-सेव्याय धीमहि। शिव-शक्ति-स्वरूपेण पितृ-देव प्रचोदयात।

7. ? आद्य-भूताय विद्महे सर्व-सेव्याय धीमहि।
शिव-शक्ति-स्वरूपेण पितृ-देव प्रचोदयात।

8. करचरणकृतं वाक् कायजं कर्मजं श्रावण वाणंजं वा मानसंवापराधं ।
विहितं विहितं वा सर्व मेतत् क्षमस्व जय जय करुणाब्धे श्री महादेव शम्भो ॥

9. ? पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात।

10. ? पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात।

**पितृ निवारण स्तोत्र**

अर्चितानाममूर्तानां पितृणां दीप्ततेजसाम् ।
नमस्यामि सदा तेषां ध्यानिनां दिव्यचक्षुषाम्।।
इन्द्रादीनां च नेतारो दक्षमारीचयोस्तथा ।
सप्तर्षीणां तथान्येषां तान् नमस्यामि कामदान् ।।
मन्वादीनां च नेतारः सूर्याचन्दमसोस्तथा ।
तान् नमस्यामहं सर्वान् पितृनप्युदधावपि ।।
नक्षत्राणां ग्रहाणां च वाय्वग्न्योर्नभसस्तथा ।
द्यावापृथिवोव्योश्च तथा नमस्यामि कृताञ्जलिः।।
देवर्षीणां जनितृंश्च सर्वलोकनमस्कृतान् ।
अक्षय्यस्य सदा दातृन् नमस्येहं कृताञ्जलिः ।।
प्रजापतेः कश्पाय सोमाय वरुणाय च ।
योगेश्वरेभ्यश्च सदा नमस्यामि कृताञ्जलिः ।।
नमो गणेभ्यः सप्तभ्यस्तथा लोकेषु सप्तसु ।
स्वयम्भुवे नमस्यामि ब्रह्मणे योगचक्षुषे ।।
सोमाधारान् पितृगणान् योगमूर्तिधरांस्तथा ।
नमस्यामि तथा सोमं पितरं जगतामहम् ।।
अग्रिरूपांस्तथैवान्यान् नमस्यामि पितृनहम् ।
अग्रीषोममयं विश्वं यत एतदशेषतः ।।
ये तु तेजसि ये चैते सोमसूर्याग्रिमूर्तयः।
जगत्स्वरूपिणश्चैव तथा ब्रह्मस्वरूपिणः ।।
तेभ्योखिलेभ्यो योगिभ्यः पितृभ्यो यतामनसः।
नमो नमो नमस्तेस्तु प्रसीदन्तु स्वधाभुज ।।

**पितृ कवच**

कृणुष्व पाजः प्रसितिम् न पृथ्वीम् याही राजेव अमवान् इभेन।

तृष्वीम् अनु प्रसितिम् द्रूणानो अस्ता असि विध्य रक्षसः तपिष्ठैः॥

तव भ्रमासऽ आशुया पतन्त्यनु स्पृश धृषता शोशुचानः।

तपूंष्यग्ने जुह्वा पतंगान् सन्दितो विसृज विष्व-गुल्काः॥

प्रति स्पशो विसृज तूर्णितमो भवा पायु-र्विशोऽ अस्या अदब्धः।

यो ना दूरेऽ अघशंसो योऽ अन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरा दधर्षीत॥

उदग्ने तिष्ठ प्रत्या-तनुष्व न्यमित्रान् ऽओषतात् तिग्महेते।

यो नोऽ अरातिम् समिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यत सं न शुष्कम्॥

ऊर्ध्वो भव प्रति विध्याधि अस्मत् आविः कृणुष्व दैव्यान्यग्ने।

अव स्थिरा तनुहि यातु-जूनाम् जामिम् अजामिम् प्रमृणीहि शत्रून्।



nandgaon times JULAI-22-1.qxd 7/22/2025 12:06 AM Page 4



# कलेक्टर की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

## ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश, अधिक से अधिक नागरिकों को रेडक्रास सोसायटी से जोडऩे के लिए कहा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि रेडक्रास मानवता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाली संस्था है। जिले में रेडक्रास की सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएमएफ से ब्लड बैंक के लिए मशीन खरीदने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रेडक्रास कार्यालय के लिए भूमि एवं भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेडक्रास की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं जहां से दुकानों का किराया रेडक्रास सोसायटी के पास जमा होता है और अब किराया प्राप्त नहीं हो रहा है, उन्हें सूचित करते हुए किराए की राशि के लिए पत्र लिखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों को रेडक्रास सोसायटी से जुडऩे के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जूनियर एवं यूथ रेडक्रास गतिविधि, जिले में जनौषधि केन्द्र, निक्षय मित्र अभियान में रेडक्रास द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी एवं गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन ने जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रास सोसायटी अंतर्गत सुपोषण अभियान के तहत डोंगरगांव में गर्भवती माताओं एवं बच्चों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा सुपोषण किट प्रदान किया गया। रेडक्रास सोसायटी की ओर से श्री मुलचंद निर्मलकर को ईलाज हेतु वेल्लूर जाने के लिए यात्रा व्यय 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता तथा विद्या सागोड़े को किडनी के ईलाज के लिए 4 लाख रूपए की सहायता राशि एवं अन्य मरीजों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। रक्तदान शिविर, पौधरोपण, वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकरी श्री प्रवास सिंह बघेल, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, श्री अशोक चौधरी, उदयाचल से श्री अशोक मोदी, वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक पाण्डेय, श्री हलीम बख्श गाजी, श्री सुशील जैन, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती करूणा रावटे, श्री संजय कुमार वर्मा, श्री विनोद ढ्ढा, श्री विनेश कुमार चोपड़ा, श्री उमेश अग्रवाल, प्रबंधक सह जिला संगठन श्री प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

# नगर में कांवड़ यात्रा में निकाली गई

## द्वितीय सोमवार को मोक्षधाम साकरदाहरा और शिवनाथ नदी से जल लाकर अभिषेक किया





**सावन मास में भक्तों ने ओम नमः शिवाय , श्री शिवाय नमस्तुभ्यम,की गुंज हुई**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रावणमास को लेकर क्षेत्र के धर्मप्रेमी भक्तो द्वारा कावर यात्रा निकाली , श्रावण सोमवार को संकीर्तन के साथ कांवड़ यात्रा के बाद द्वितीय सोमवार को डीजे साउंड में ओम नम: शिवाय की सुमधुर भजनों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई। बच्चों और महिलाओं ने भी कांवड़ यात्रा में धर्म स्वरूप प्रचार की कमान थामते हुए शिवनाथ नदी और मोक्षधाम साकरदाहरा से जल लेकर सभी भक्तो ने महाकाल मंदिर के द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भी मटिया वार्ड ,साकेतधाम से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रा प्रात: 7 बजे जय महाकाल, बोल बम के उद्घोष के साथ निकाली गई। एक टोली कांवड़ यात्रा वार्ड साकेतधाम शिव मंदिर से शिवनाथ नदी के लिए निकाली गई। वही वार्ड मटिया में द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से भी कांवड़ यात्रा निकलकर शिवनाथ नदी पहुंची। दोनों ही टोली के भक्तों ने शिवनाथ से जल लेकर महाकाल का जलाभिषेक किया।

**मटिया वार्ड में द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान का रुद्राभिषेक जारी**

प्रति श्रावण सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के मटिया के शिव शंकर मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान शिव शंकर के विधिवत पंडित शशांक शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर रुद्रा अभिषेक कराया जा रहा है जिनमे धर्म प्रेमी भक्तजनों के माध्यम से कराया जा रहा है।

# महापौर एवं आयुक्त ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव का भारत में टॉप 20 में आने पर दी बधाई

## शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि स्वीकृति दिलाने पर महापौर यादव ने डॉ. रमन सिंह का जताया आभार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह जी के आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में संस्कारधानी राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में आने तथा प्रदेश में 6वें स्थान प्राप्त करने पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई एंव शुभकामनाए दिए।महापौर श्री यादव ने कहा कि गत स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर भारत में 79वे स्थान पर था, परन्तु इस वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 65 छलांग लगाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया। उक्त स्थान आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि राज्य बजट में स्वीकृत कराने पर भी डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भविष्य में शहर की तस्वीर बदलकर एक अलग छवि दिखेगी। विधायक डॉ. रमन सिंह जी ने बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की टीम की मेहनत रंग लाई और भारत में टॉप 20 में स्थान मिला। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 मे स्थान बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करे। इसके लिए और मेहनत करे, नागरिको को भी स्वच्छता से जोडे। उन्होंने कहा कि शहर विकास एवं स्वच्छ वातावरण देने में नगर निगम की महती भूमिका होती है, इसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में टीम वर्क के साथ कार्य करे। इस अवसर पर कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समनवयक श्री देवेश साहू उपस्थित थे।

# जयपुर में सम्मानित होंगे राजनांदगांव के शिवशंकर जोशी

## कारगिल विजय दिवस पर विजय श्री अवार्ड समारोह, शिव शंकर जोशी का होगा सम्मान



**जयपुर (नांदगांव टाइम्स)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई 2025 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक भव्य समारोह का आयोजन होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा रोटरी क्लब सभागार, जयपुर में आयोजित इस समारोह में भारत की शक्ति और पंचशील सिद्धांतों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को विजय श्री अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 25 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति इसे और भी विशेष बनाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य सलाहकार और राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस भारत के सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन न केवल 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 527 जवानों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, बल्कि भारत की एकता, शक्ति और वैश्विक प्रतिष्ठा को भावपूर्ण ढंग से स्मरण करने का भी मौका है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भारतीय सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा कर देश का गौरव बढ़ाया।

इस समारोह में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, चौखड़िया पारा निवासी श्री शिव शंकर जोशी को भी विजय श्री अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। श्री जोशी, जो आरोग्य भारती, चौखड़िया, राजनांदगांव से जुड़े हैं, अपने सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वे इस मंच पर वसुधैव कुटुंबकम, ग्लोबल विलेज और सत्यम शिवम सुंदरम जैसे विचारों पर अपने प्रेरक विचार साझा करेंगे। चयन समिति के सदस्य अधिवक्ता एन.के. पांडे ने बताया कि इस आयोजन में शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, प्रशासन और राजनीति जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। स्वैच्छिक सुभाषितवती और योजना के तहत यह समारोह 26 राष्ट्रों के सान्निध्य में आयोजित होगा, जिसमें कारगिल युद्ध के 527 शहीदों की स्मृति में विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह समारोह न केवल शहीदों के बलिदान को याद करने का अवसर होगा, बल्कि राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और वैश्विक समरसता के संदेश को भी प्रचारित करेगा। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरक भाषण भी होंगे, जो उपस्थित लोगों में जोश और गर्व का संचार करेंगे।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com